>

Title: Shortage of potable water due to receding water land in the country.

श्री शैलेन्द्र कुमार (चायल) : महोदय, मैं एक बहुत ही महत्वपूर्ण पृश्न पर बोलने के लिए खड़ा हुआ हूं। आज पूरे देश में, खासकर उत्तर प्रदेश और बुंदेलखंड से लगे हुए जिलों में सूखे की स्थिति व्याप्त है जिससे वहां सिंचाई और पेयजल की समस्या उत्पन्न हो गयी है। नेता माननीय प्रो0राम गोपाल जी के नेतृत्व में छः माननीय सदस्यों का एक शिष्टमंडल पेयजल की समस्या के संबंध में प्रधानमंत्री जी से संसद ऑफिस में मिला था जिसमें ग्रामीण विकास मंत्री जी ने कहा था कि माननीय सदस्यों को 500-500 हैण्डपम्प दिए जाने की जो डिमाण्ड की गयी थी, उसे देने के लिए धन उपलब्ध है और अगर प्रधानमंत्री जी सहमति व्यक्त करें तो ऐसा कर सकते हैं। प्रधानमंत्री जी ने कहा कि यदि ग्रामीण विकास मंत्री के पास धन उपलब्ध है, आर्थिक स्थिति ठीक है तो 500-500 हैण्डपम्प्स सांसदों को दिए जाएंगे। लेकिन अभी तक उस पर कोई कार्यवाही नहीं हुई है और आज तक हमारे क्षेत्र में कौशाम्बी, प्रतापगढ़, इलाहाबाद और बुंदेलखंड

* Not recorded.

क्षेत्र में प्रतिदिन जलस्तर नीचे गिरता चला जा रहा है जिससे सिंचाई और पेयजल की समस्या गंभीर बनी हुई है।

इसलिए मैं आपके माध्यम से सरकार से मांग करता हूं कि सांसद निधि में भी ऐसा प्रावधान हो जिससे सांसद अपने क्षेत्रों में इंडिया मार्क-2 हैण्डपम्प लगवा सकें। हमारे यहां उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा इस पर ऑब्जेक्शन लगाया गया है कि साइंटिफिक समस्या के कारण हम सांसद निधि से हैण्डपम्प लगाने की अनुमति नहीं देंगे। यह बहुत गंभीर मामला है। मैं चाहूंगा कि इस पर सरकार ध्यान दे और उत्तर प्रदेश सरकार को निर्देश दे और सांसद निधि से भी हैण्डपम्प लगाने का प्रावधान सुनिश्चित किया जाए।